**कार्यवाही** | मदनमहल पहाड़ी पर क्षेत्रीय लोगों ने किया विरोध, प्रशासन-पुलिस फोर्स रही तैनात

# विरोध के बीच अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही शुरू



**नवभारत, जबलपुर।** मदनमहल पहाड़ी पर शनिवार सुबह जिला प्रशासन और नगर निगम का भारी अमला, जेसीबी और डंपर के साथ अतिक्रमण हटाने के लिए मैदान में उतरा। जैसे ही कार्रवाई शुरू हुई, अतिक्रमणकारी अपने घरों को छोड़कर सड़क पर आ गए और विरोध करने लगे। कार्यवाही के दौरान एसडीएम अनुराग सिंह सहित तहसीलदार और अन्य राजस्व अधिकारी मौके पर मौजूद थे। अधिकारी न्यायालय के आदेश दिखाकर उन्हें हटने की ताकीद कर रहे थे, वहीं अतिक्रमणकारी कुछ दिन की मोहलत मांग रहे थे। काफी समझाईश के बाद कार्यवाही शुरू हुई, पहले दिन लगभग 8 से 10 परिवारों के अतिक्रमण हटाकर उन्हें सुनिश्चित कराया गया।

## प्रशासन ने पहले ही दी थी चेतावनी

एसडीएम अनुराग सिंह ने बताया कि कई दिन पहले से क्षेत्र में मुनादी कर लोगों को अतिक्रमण हटाने की सूचना दी जा रही थी। कार्यवाही के दौरान 714 अतिक्रमणों को चिह्नित कर दिया गया है, जिन पर कार्यवाही भी शुरू कर दी है। उन्होंने बताया कि सर्वोच्च न्यायालय ने राज्य शासन को उच्च न्यायालय के आदेश का शीघ्र अनुपालन करने के निर्देश दिए हैं।

## महिलाएं और बच्चे आगे विस्थापन स्थल की मांग

अतिक्रमणकारी बच्चों की परीक्षाओं और विस्थापन स्थल पर बुनियादी सुविधाओं के अभाव का हवाला देते हुए कार्रवाई को रोकने का प्रयास कर रहे थे। महिलाओं ने छोटे बच्चों के साथ विरोध की अगुआई की। प्रशासन ने आश्वासन दिया है कि विस्थापन स्थल पर जल्द ही बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी और लोगों से अपील की कि वे व्यवस्थित रूप से विस्थापन स्थल की ओर चले जाएं।

## जिन घरों में परीक्षा उनको दिया समय

एसडीएम अनुराग सिंह ने बताया कि विरोध करने वाले परिवार अपने बच्चों की पढ़ाई और उनके पेपर को लेकर बात रख रहे थे, हालांकि सभी घरों में बच्चों की परीक्षाएं नहीं है। वहीं मुख्य परीक्षाएं एमपी बोर्ड, सीबीएसई बोर्ड की शनिवार को समाप्त हो चुकी हैं। प्रशासन द्वारा परिवारों द्वारा दिखाए गए दस्तावेजों को चेक कर जिनके बच्चों के पेपर हैं उन्हें कुछ दिनों का समय दिया गया है। जिसके बाद उन परिवारों पर भी कार्यवाही शुरू कर दी जाएगी।

### पहाड़ी पर बनेगा 100 करोड़ का रानी दुर्गावती स्मारक

जिला प्रशासन, नगर निगम और पुलिस प्रशासन की संयुक्त कार्रवाई में पहाड़ी पर रह रहे लोगों को भड़पुरा स्थित विस्थापन स्थल के फेस-1 और फेस-2 में सम्मानपूर्वक शिफ्ट करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। मदन महल पहाड़ी पर वीरांगना रानी दुर्गावती की स्मृति में लगभग 100 करोड़ रुपये की लागत से भव्य स्मारक निर्माण का रास्ता साफ हो रहा है। कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह, निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार और एसपी सम्पत उपाध्याय के मार्गदर्शन में चल रही। नगर निगम ने 100 से अधिक कर्मचारियों के साथ 20 से ज्यादा मशीनरी संसाधन—डम्पर, ट्रैक्टर और जेसीबी—तैनात किए हैं। वहीं विस्थापित परिवारों के लिए प्रशासन ने भोजन, चाय-नाश्ता, स्वच्छ पेयजल, दवाइयों, बच्चों के लिए दूध सहित अन्य आवश्यक सुविधाओं की भी व्यवस्था की है, ताकि उन्हें किसी प्रकार की असुविधा न हो और उन्हें सुरक्षित व पक्के आवास का लाभ मिल सके।

### इनका कहना है

कार्यवाही के दौरान वहां मौजूद परिवारों द्वारा विरोध किया गया था, कुछ परीक्षा का हवाला दे रहे थे। समझाइए देने के बाद पहले दिन लगभग 8 से 10 परिवारों के अतिक्रमण हटाए गए, जिनके घर में परीक्षाएं उनको कुछ दिनों की मोहलत दी गई है।

**अनुराग सिंह, एसडीएम**

# परीक्षा देकर लौट रहे छात्रों को ट्रक ने रौंदा, एक की मौत, दूसरा घायल

**जबलपुर।** बरेला अंतर्गत पहाड़ीखेड़ा में शनिवार दोपहर गैस सिलेंडर से लदे एक अनियंत्रित ट्रक ने मोटरसाइकिल सवार दो छात्रों को रौंद दिया।। इस दर्दनाक हादसे में 18 वर्षीय एक छात्र की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल है। सड़क हादसे का शिकार दोनों छात्र परीक्षा देने के बाद घर वापसी लौट रहे थे तभी हादसे का शिकार हो गए। जानकारी के अनुसार ग्राम उमरिया कुड़ारी निवासी हेमंत श्रीपाल (18) अपने मित्र प्रशांत यादव के साथ धनपुरी में कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षा देने गया था। परीक्षा खत्म होने के बाद दोनों छात्र अपने भविष्य के सपने संजोए घर वापस लौट रहे थे। जैसे ही वे पहाड़ीखेड़ा स्थित शिव क्लीनिक के पास पहुंचे, तभी गैस सिलेंडरों से भरे एक तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि हेमंत श्रीपाल ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। वहीं प्रशांत यादव के हाथ-पैरों में गंभीर चोटें आई हैं, जिसे तत्काल उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया गया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुँची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। ट्रक को कब्जे में लेकर चालक के खिलाफ प्रकरण दर्जकर लिया है। वहीं इस घटना के बाद से उमरिया में शोक की लहर दौड़ गई है। परिजनों का रो-रोककर बुरा हाल है। घर में मातम पसरा हुआ है। परिजनों को यकीन ही नहीं हो रहा है कि उनका बेटा अब इस दुनिया में नहीं रहा।

### आवेदक के दावे पर ले उचित निर्णय

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने पीएचई के इंजीनियर इन चीफ को निर्देशित किया है कि याचिकाकर्ता कर्मचारी को नियमित स्थापना वेतनमान का निर्धारण कर उसका भुगतान करने के संबंध में निर्णय लें। इसके अलावा प्रमोशन का लाभ देने पर भी विचार करें। जस्टिस एमएस भट्टी की एकलपीठ ने इसके लिए 90 दिन की मोहलत दी है। खंडवा निवासी अब्दुल मजीद खान की ओर से अधिवक्ता एके मेहता ने पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि उक्त मांगों को लेकर इंजीनियर इन चीफ को अभ्यावेदन दिए गए लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई, जिस पर हाईकोर्ट की शरण ली गई। सुनवाई पश्चात् न्यायालय ने उक्त निर्देश दिये।








एक्स-शोरूम कीमत ₹71,232~ | इंस्टेंट डिस्काउंट ₹10 000^ तक | HDFC BANK | FESTIVE TREATS | SBI card | क्रेडिट कार्ड | Powered by pine labs

Hero GoodLife | Stand a chance to win Gold and Silver Coins and many more assured benefits*

Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. *Based on internal testing of 110cc scooters and on the testing report of govt Certified agency. ~Ex-Showroom Price of Pleasure+LX in Madhya Pradesh. ^T&C apply.

TOLL FREE 1800 266 0018

अधिकृत डीलरः जबलपुर: सुपर हीरो (साउथ सिविल लाईन्स) 9289922350, सुदर्शन हीरो (नेपियर टॉउन 9289922353, मदन महल 9111100352, दमोह नाका 9111100344), बालाघाट: जायसवाल हीरो 9289922572, छिन्दवाड़ा: सत्कार हीरो 9289922805, मण्डला: शुभा हीरो 9289922600, नरसिंहपुर: रचना हीरो 9289922377, रीवा: बद्रिका हीरो (टी.पी. नगर 9752263333, इलाहाबाद रोड 9171705391), सतना: स्टार हीरो 9289922356, बद्रिका हीरो 9289923108, शहडोल: विभोर हीरो 9289923109, गुप्ता हीरो 9289922370, कटनी: हर्ष हीरो 9289923166, वैढ़न: कुन्दन हीरो 9289922743, बजरंग मोटर्स 7354559000, सीधी: राजेन्द्र मोटर्स 9289923113, सिवनी: सुदर्शन हीरो 9821745435, चौरई: श्रीजी ऑटोमोबाईल्स, 9821749342, दमोह: इण्डिया ऑटो हीरो 9289922573, एसोशिएट डीलरः पथरिया: एसएस ऑटोमोबाइल्स, 9691147568, सेमरिया: आकाश मोटर्स 9893918358, अमरवाड़ा: अर्पित ऑटोमोबाईल्स 7428595943, ब्यौहारी: श्री राम ऑटोमोबाईल्स 9424683246, बुड़हार: श्री ऑटोमोबाईल्स 9425181937, डिंडोरी: अवधिया ऑटो 8959777333, नैनपुर: स्वास्तिक मोटर्स 9893746172, गाडरवाड़ा: शेखर व्हीकल्स 9425467409, जुन्नारदेव: लक्ष्मी नारायण मोटर्स 8109164000, कोतमा: सिटी ऑटोमोबाईल्स 7987519546, मैहर: वैशाली ऑटोमोबाईल्स 9424741022, मउगंज: सेंगर मोटर्स 9425185568, लांझी: श्रीखण्ड ऑटोमोबाईल्स 7428390262, पांढुरना: जय भवानी ऑटोमोबाईल्स 7428390263, परासिया: श्री महावीर ऑटोमोबाईल्स 7354460008, रामपुर बघेलान: साँई ऑटोमोबाईल्स 9993224296, रांझी: गुरुकृपा ऑटो 9424728007, सिहोरा: बाईक प्वांट 9826802730, उमरिया: गुप्ता ऑटो एजेन्सी 9285505630, वारासिवनी: रुसिया मोटर्स 9425822392, मुलताई: शारदा श्री मोटर्स 9522870001, चितरंगी: ओम मोटर्स 9685416118, बरगवां: बजरंग मोटर्स 9926183734, बहरी: श्याम एजेंसी 9981238133, बरही: अजीत ऑटोमोबाइल्स 7566217410, 9131739086, अनूपपुर: बाल गोविंद ऑटोव्हील्स 9770531138, 9770744844, नागोद: चौरसिया ऑटोमोबाइल्स 9926365074, देवसर: श्री राम मोटर्स 9425086868 अमरपाटन: रिशु ऑटोमोबाइल्स 9893829195, स्लीमनाबाद: अनिल मोटर्स 9425466101, रामनगर: विजय ऑटोमोबाईल्स 9893252517, धनोरा: भवानी व्हीकल्स 9424950703, सरई: यश मोटर्स, 9981718853, सालीचौका: अभिषेक इंटरप्राइजेज 8989434793, उंचेहरा: अंकुर ऑटोमोबाइल्स, 7999328251, गढ़: अंबे मोटर्स, 9752666969, गुन्नौर: मधुबन मोटर्स, 8959050501, मड़वास: ओम मोटर्स, 9009066959, मझौली: न्यू कुन्दन ऑटोमोबाइल्स, 9584628677, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) छिन्दवाड़ा: सत्कार हीरो 9289922805, नरसिंहपुर: रचना हीरो 8815396340, दमोह: इंडिया ऑटो सेंटर 8839230079.

RS/Hero/01/26